प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

एकल खिड़की

राज्य एकल खिड़की स्वीकृति व अनुश्रवण प्राधिकरण ने प्रदेश में 25 परियोजना प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की है, जिसमें लगभग 2 हजार 2 सौ 17 करोड़ रूपए का निवेश प्रस्तावित है। शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित राज्य एकल खिड़की व अनुश्रवण प्राधिकरण की 29वीं बैठक में ये स्वीकृति प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि नए उद्योग स्थापित होने से रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे।

पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में विधायिका की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया है। नवनिर्वाचित विधायकों के लिए शिमला में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विधायिका सरकार की वह शाखा है जो देश के कानून बनाने के लिए जिम्मेदार है। इस अवसर पर पठानिया ने कहा कि प्रदेश विधानसभा में इस बार 26 नए विधायक निर्वाचित हुए है जो लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है। उन्होंने नवनिर्वाचित विधायकों से जनता की आशाओं के अनुरूप कार्य करने का आह्वान भी किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान पठानिया ने नवनिर्वाचित विधायकों द्वारा उठाए गए प्रश्नों के उतर भी दिए।

बैठक

प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के संसाधनों को जुटाने के लिए गठित रिर्सोस मोबिलाईजेशन सब–कमेटी की कल शिमला में उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप–मुख्यमंत्री के अलावा पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने प्रदेश की तंग अर्थिक स्थिती से निपटने के लिए विस्तृत चर्चा की। बाद में पत्रकारों से बातचीत में राजेश धर्माणी ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति पर एक लाख 16 हजार एक सौ 80 रूपए का कर्ज है। उन्होंने कहा कि इस मामले में हिमाचल, देश में अरूणाचल प्रदेश के बाद दूसरे नंबर पर है।

कारगिल विजय दिवस

कारगिल विजय के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में शिमला स्थित मुख्यालय सेना प्रशिक्षण कमान द्वारा ऐतिहासिक रिज मैदान पर आज और कल कारगिल विजय दिवस रजत जयंती महोत्सव आयोजित किया जा रहा है।

इसके अलावा वीरता पुस्कार विजेताओं द्वारा शिमला के विभिन्न स्कूलों में प्रेरक वार्ता भी आयोजित की जा रही है, जिसका उदश्य युवा पीढ़ी को कारगिल विजय दिवस के महत्व से अवगत करवाना है। इस दौरान सेना के हथियार और उपकरण प्रदर्शन, मुफ्त चिकित्सा शिविर के अलावा अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

नीट–यूजी

सर्वोच्च न्यायालय ने नीट–यूजी परीक्षा–2024 को रद्द करने और दोबारा परीक्षा कराने का आदेश देने से इंकार कर दिया है। इसके साथ ही देशभर में सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों में स्नातक पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए कॉउन्सलिंग प्रक्रिया शुरू होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। देश के प्रधान न्यायाधीश डी वाईचंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायधीशों की पीठ ने कहा कि उपलब्ध साक्ष्य प्रश्न–पत्र के प्रणाली गत लीक होने का संकेत नहीं देते हैं और उनसे पांच मई को आयोजित परीक्षा की वैधता पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पडता है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर आज बादल छाए हैं, हालांकि मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान प्रदेश में वर्षा होने का अनुमान लगाया है। विभाग ने 27 जुलाई तक भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। प्रशासन ने येलो अलर्ट के मद्देनजर लोगों से नदी, नालों दूर रहने की अपील की है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से........

केंद्रीय बजट से जुड़ी खबर को आज सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–हिमाचल में आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए बजट में मदद का एलान। आपका फैसला लिखता है–हिमाचल को आपदा के बाद पूनर्वास के लिए वित्तीय मदद। दैनिक जागरण का शीर्षक है–आपदा में हिमाचल की सहायता करेगा केंद्र। इसके विपरीत दैनिक सवैरा टाईम्स लिखता है–उम्मीदें कायम होने के बावजूद केंद्रीय बजट से हिमाचल मायूस। बजट पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की प्रतिक्रिया को अमर उजाला ने सुर्खी दी है–उम्मीद के मुताबिक हिमाचल को बजट से कुछ नहीं मिला। जबकि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के हवाले से अखबार ने लिखा है–सभी वर्गों के सशक्तिकरणा का साधन है ये बजट। हिमाचल दस्तक ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के बयान को शीर्षक दिया है– ज्वलंत मुद्दों को संबोधित करने में विफल रहा बजट। दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–हिमाचल की अनदेखी आपदा राहत में भी लगा दी शर्त।

सरकार की आय 12 हजार 6 सौ 29 करोड़ वेतन–पैंशन पर खर्च हो रहे 16 हजार करोड़–पंजाब केसरी की एक खबर है।

कैथली घाट–ढली फोरलेन की पहली टनल के दोनो सिरे मिले, 15 किलोमीटर सफर होगा कम–शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है–शिमला शहर में लगने वाले लंबे ट्रैफिक जाम से लोगों को मिलेगी राहत।

————————————